राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की प्रधानमंत्री से मुलाकात

जयपुर, 03 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार सांय नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र की प्रधानमंत्री श्री मोदी से यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की प्रधानमंत्री श्री मोदी से राजस्थान के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को राज्य में जनजातीय विकास और उच्च शिक्षा में किये जा रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

---

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा**
**सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)**
**राज्यपाल, राजस्थान**